उत्तराखंड में फिल्म सिटी बनाने और मोबाइल थिएटर शुरू करने की योजना

चर्चा में क्यों?

12 जुलाई, 2022 को विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार ने उत्तराखंड को फिल्म शूटिंग का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाने के लिये राज्य में एक फिल्म सिटी बनाने के लिये भूमि का चयन करने के निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- सचिव अभिनव कुमार ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित सभागार में सूचना विभाग की समीक्षा बैठक में फिल्म उद्योग से संबंधित अवस्थापना विकास के लिये कार्ययोजना बनाने तथा फिल्म सिटी में फिल्म शूटिंग एवं प्रोडक्शन से संबंधित मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
- उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयस्तर के फिल्म प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर उसकी शाखा के रूप में फिल्म प्रशिक्षण केंद्र उत्तराखंड राज्य में खोला जाए। उन्होंने पर्वतीय एवं सीमांत क्षेत्रों में मोबाइल थिएटर शुरू करने के निर्देश दिये। साथ ही इसके लिये एक सब्सिडी योजना बनाने को भी कहा।
- उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की बोली-भाषा पर आधारित किसी फिल्म का चयन यदि राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के फिल्म फेस्टिवल के लिये होता है, तो प्रोत्साहन के लिये विशेष सब्सिडी योजना बनाई जाए।
- उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में फिल्म एवं फिल्म निर्माण की विधा से संबंधित कोर्स भी प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने हल्द्वानी मीडिया सेंटर के निर्माण के लिये भूमि चयन एवं आगणन का प्रस्ताव तैयार करने और ई-ऑफिस के रूप में विभाग का ढाँचा तथा अधिकांश सुविधाएँ डिजिटिल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/planning-to-build-a-film-city-in-uttarakhand